झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची अन्तर्गत राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय, नामकुम, राँची हेतु औषधि निरीक्षक सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–12/2025) के संबंध में आवश्यक सूचना।

विज्ञापन संख्या–12/2025 की कंडिका–6(b) में अंकित अधिकतम उम्र सीमा के संदर्भ में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची से प्राप्त मंतव्य के आलोक में विज्ञापन की कंडिका–6(c) को निम्नवत अंतःस्थापित किया जाता हैः–

6(c). **कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, राँची के संकल्प संख्या–360, दिनांक–21.01.2003 में निहित प्रावधान के तहत राज्य सरकार के वैसे सरकारी कर्मी जिन्होंने तीन वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो, को पूर्व निर्धारित उम्र सीमा में पाँच वर्षों की छूट देय होगी।**

विज्ञापन संख्या–12/2025 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

2. विज्ञापन संख्या–12/2025 के संदर्भ में माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची द्वारा W.P.(S) No.-1090 of 2026; मन्नु कुमार बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य वाद में दिनांक–16.02.2026 को पारित न्यायादेश के आलोक में वादी (Petitioner) से तथा W.P.(S) No.-1091 of 2026; पवन कुमार पासवान बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य वाद में पारित न्यायादेश के आलोक में वादी एवं ऐसे अन्य अभ्यर्थी जो विज्ञापन की कंडिका–5(i),(ii) एवं (iii) में अंकित अनुभव धारित नहीं करते हैं, वैसे अभ्यर्थियों से भी ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इनकी अभ्यर्थिता उपरोक्त वादो के अंतिम फलाफल से प्रभावित होगी।
3. तद्नुसार उपरोक्त कंडिकाओं से आच्छादित एवं अन्य इच्छुक अभ्यर्थियों से निम्नवत आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि	दिनांक–02.03.2026 से दिनांक–12.03.2026 तक
ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–12.03.2026 समय–5:00 P.M.
परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	दिनांक–13.03.2026 समय–5:00 P.M.
हार्ड–कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक–23.03.2026 समय–5:00 P.M.

4. वैसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा पूर्व में विज्ञापन संख्या–12/2025 के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन एवं हार्ड–कॉपी समर्पित किया गया है, उन्हें पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
5. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोग के Help Line No. 9431301636 एवं 9431301419 पर केवल कार्य दिवस में पूर्वाह्न–10:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।
6. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।